तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

# हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, मंगलवार, 13 मई 2025

14 छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा विकास के लिए किया जा...



14 पेंड्रावन चिहारीपारा में सामुदायिक भवन का...





## खबर संक्षेप

### आंबेडकर भवन में बौद्ध समाज द्वारा मनाया गया बुद्ध जयंती



**चारामा।** विकासखण्ड चारामा में अंबेडकर भवन में बौद्ध समाज के द्वारा बुद्ध जयंती मनाई गई। अंबेडकर भवन बुद्ध जयंती के अवसर पर तथागत भगवान गौतम बुद्ध की पुजा अर्चना कर बुद्ध वंदना किया गया एवं प्रसाद वितरण किया गया। समाज के अध्यक्ष योगेश्वर मेश्राम एवं दिनबंधु वाल्मीकि ने गौतम बुद्ध के संदेश एवं उनके बताए हुए रास्ते पर चलने की बात कही। कार्यक्रम में गोविंद लांगे, दाऊलाल उइके, केशव लाल खोब्रागडे, कोमल मेश्राम, नागेश भोवते, दिनेश गजभिये, बुद्धरत्न गोस्वामी, राजु गोस्वामी, विकेश, निकेश, संघ रत्न, पुरुषोत्तम मेश्राम, कुश मेश्राम, भुपेंद्र रामटेके, सुनीता वाल्मीकि, मोतीराम मेश्राम, मयंक मेश्राम, पृथ्वी रामटेक, जशवंत खोब्रागडे उपस्थित रहे।

### कांटा, बांट व इलेक्ट्रॉनिक मशीन में सील सत्यापन शिविर 19 से

**धनेलीकन्हार।** कोरर के मंडी प्रांगण में 19 मई से विधिक माप



विज्ञान नाप तौल विभाग के द्वारा 4 दिवसीय इलेक्ट्रॉनिक काटा, मेनुअल कांटा, बांट में शील व सत्यापन के लिए शिविर आयोजित है। इस शिविर में कोरर क्षेत्र के ग्राम तरान्दुल , बासकुंड , हाटकर्रा , डोमाहर्रा, भैराडीह, सुरेरी, कापसी, तेलावट, धनेलीकन्हार, मरकाटोला, कोदागांव, पोटगांव, बाबुदबेना, अंडी, केव्टीनटोला, तालाकुर्रा, सिलतरा, रानवाही, अस्तरा , मुगवाल, बोदेली, भानबैडा, डुमरकोट, हवरकोन्दल, भैसाकन्हार, बैजनपुरी, जामपारा, चिल्हारी, कुर्री, घोड़ादा , कोकानपुर , मावलीपारा, किशनपुरी सहित आसपास के व्यापारी बंधु अपनी कांटा बांट में सील का सत्यापन करवा सकते हैं। निरीक्षक विधीक माप विज्ञान अधिकारी अंजना बड़ा ने बताया कि 19 मई से 22 मई तक शिविर लगेगा।

### हाईस्कूल आमागढ़ का कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम शत- प्रतिशत



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत हाईस्कूल आमागढ़ का सत्र 2025 का सर्टिफिकेट परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। इस वर्ष शाला से कुल 16 बच्चे परीक्षा में सम्मिलित हुए। जिसमें से कुल 8 बच्चे प्रथम श्रेणी से एवं 8 बच्चे द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। शाला से छात्र अविनाश कुमार गावड़े ने 88.5 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान किया। पूनम ने 85.66 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही एवं सोम सिंह 84.16 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। शाला का परीक्षा परिणाम बेहतर आने पर प्रभारी प्राचार्य रघुनाथ सिंह साहू, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजकुमार सिन्हा, सुमिति के सभी सदस्यों एवं शाला के समस्त स्टाफ ने शुभकामनाएं दिया।

### बरकई में हर्षोल्लास से मनायी भगवान नरसिंह की जयंती



**कांकेर।** बरकई में कुम्हार समाज क्षेत्र क्र. 2 के द्वारा हर्षोल्लास के साथ भगवान नरसिंह कि जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत मालगांव के सरपंच संगीता मरकाम, विशिष्ट अतिथि शेष पेज 12 पर

---

**कोशिश : स्थानीय युवाओं का नक्सलियों ने किया है शोषण: ग्रामीण**

# एक करोड़ के लिए पंचायत प्रतिनिधि गांव को नक्सल मुक्त बनाने कर रहे मशक्कत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

- हर गांव का होगा विकास, पंचायत प्रतिनिधि आएं सामने: सरकार



सरकार ने अति संवेदनशील इलाके के ग्राम पंचायत नक्सल मुक्त होने पर विकास कार्य के लिए एक करोड़ देने का ऐलान किया है, तब से ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि ग्राम पंचायत को नक्सल मुक्त बनाने को लेकर मशक्कत करने में लगे हुए है। ग्राम पंचायत मुख्यालय और उसके आश्रित ग्राम में नक्सलियों से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष जुड़े स्थानीय लोगों को नक्सलियों से दूर रहने के लिए समझाईश दे रहे है।

जानकारी के अनुसार विष्णुदेव सरकार छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त बनाने को लेकर लगातार प्रयासरत है। नई पुर्नवास नीति बनाई गई, इसके साथ प्रत्येक विकासखंड में शिविर लगाकर नक्सली पीड़ित व समर्पण करने वाले नक्सलियों की समस्याएं सुन रही है और उनकी समस्याओं का निराकरण भी किया जा रहा है। इसके अलावा सरकार ने ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों को गांव के लिए जागरूक करने और गांव का विकास करने के लिए ऐलान किया है कि नक्सल मुक्त ग्राम पंचायत के प्रतिनिध अपने गांव को नक्सल मुक्त बनाने में कामयाब हासिल होते है, उनको विकास के लिए एक करोड़ रूपएं दिया जाएगा। सरकार के इस ऐलान के उपरांत ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि नक्सल से जुड़े अप्रत्यक्ष लोगों को भी समझाईश देकर दूर रहने की बात कही जा रही है। ग्राम पंचायत को नक्सल मुक्त बनाने के लिए ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि लगातार गांव में बैठक करके सरकार की सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दे रहे है। स्थानीय जनप्रतिनिधयों के द्वारा जो अभियान चलाया जा रहा है, उससे गाँव की तस्वीर बदलते हुए दिख रही है।

गाँव के एक एक व्यक्ति को विश्वास जताना होगा कि भविष्य में नक्सलियों की किसी भी गतिविधि में शामिल नहीं होगे, ऐसा हो गया तो यह तय है कि कांकेर के संवेदनशील ईलाकों की तस्वीर बदल जाएगी।

### असुविधाओं के कारण बढ़ी परेशानी

नक्सल प्रभावित ईलाके के गांव में सरकार की कई योजनाएं आज तक नहीं पहुँच पाई है, उसका बड़ा कारण यह रहा है कि उस ईलाके में सरकारी अधिकारी व कर्मचारी जाने के लिए डरते थे और नक्सली नहीं चाहते थे कि इन ईलाको में प्रशासन आएं, उसी का परिणाम है कि जिले में उन ईलाको में कुपोषण व अन्य कई योजनाओं का लाभ आज तक आम ग्रामीण को नहीं मिल पाया है। ग्रामीणों को अपने बच्चों को बेहतर बनाने के लिए आगे आना होगा, तभी उनका विकास होगा और उनकी आने वाली पीढ़ा का विकास होगा। अंदरूनी ईलाके के बच्चे भी डाक्टर व इंजीनियर बन रहे है। सरकार चाह रही है कि अतिसंवदेनशील गांव के बच्चे भी डाक्टर, इंजीनियर, पुलिस अधिकारी व कलेक्टर बने।

### स्थानीय युवकों का हुआ है शोषण

गाँव के प्रबुद्धजन अब कहने लगे है कि नक्सली आज तक गांव के स्थानीय युवकों को अपने संगठन में शामिल करके उनका शोषण ही किया है। किसी भी स्थानीय युवक का भविष्या किसी भी रूप में नहीं बना है। नक्सली के बड़े लीडर के बच्चे विदेशों में पड़ रहे, स्थानीय युवकों को न तो शादी करने दिया और शादी करने दिया, परंतु बच्चे पैदा करने की परमीशन नहीं दिया, यहाँ तक नसबंदी करवा देते थे। दक्षिण के बड़े नक्सलियों ने स्थानीयन युवकों को नक्सली बनाकर केवल शोषण ही किया है।

### सरकार ने बनाई रणनीति, उसका उठाएं लाभ

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलेसिला ने बताया कि सरकार अंदरूनी गांव के लोगों का हर तरह का विकास करने के लिए आतुर है। गाँव के लोगों को सामने आने की जरूरत है। गांव के लोग अपने बच्चों को डाँक्टर, इंजीनियर, पुलिस अधिकारी व कलेक्टर बनाना चाहते है, तो सरकार ने जो मौका दिया है, उसका लाभ लेने के लिए आगे आना चाहिए। सरकार ग्रामीणों के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए रणनीति बना चुकी है, उसका लाभ ग्रामीणों को लेना चाहिए।

---

## पुरानी बात पर दो गुटों में विवाद, काउंटर मामला दर्ज



हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

- नुकीले हथियार से बोला गया हमला, बाल बाल बचे

पुरानी बात को लेकर दो गुटो में विवाद हो गया और दोनो गुट एक दूसरे के खिलाफ कांकेर थाना में शिकायत किया। पुलिस ने दोनो पक्षों पर मारपीट का मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है। कांकेर थाना में शिकायत करने पहुँचे 23 वर्षीय सुधराम सलाम पिता सुकालू राम सलाम निवासी मद्रासीपारा अंतागढ़ हाल शिव नगर अटल आवास कांकेर में रहता हूँ और प्लंबर का काम करता हूं। मैं 11 मई की रात को करीबन साढ़े 9 बजे मैं तथा मेरा भांजा राहुल मंडावी दोनों खाना खाने की तैयार कर रहे थे कि पड़ोसी बिकेश सेठिया तथा अभिषेक नेताम दोनों हमारे घर आए और पुरानी बातों को लेकर विवाद करने लगे, झगड़ा विवाद करने से मना करने पर दोनो आरोपी एक राय होकर गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। झगड़ा मारपीट को देखकर मेरा बड़ा भाई चैतूराम सलाम, भांजा राहुल मंडावी, रमेश मंडावी बीच बचाव करने आने पर दोनो आरोपियों ने उनके साथ भी गाली देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किए। आरोपी बिकेश सेठिया के द्वारा अपने हाथ में रखे किसी धारदार चीज से मारने से मेरे दाहिने आंख के बगल में तथा बांए आंख के भौं के ऊपर में चोटें आई है। शिकायत पर दोनो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया शेष पेज 12 पर

---

## पारिवारिक विवाद को लेकर मंझले ने बड़े भाई पर हंसिए से किया वार, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर



- पीड़ित का जिला अस्पताल में जारी है इलाज

परिवारिक विवाद को लेकर सरोना में परिवारिक विवाद को लेकर मंझले भाई ने बड़े भाई के द्वारा समझाईश देने पर मारपीट करते हुए हसिया से हमला बोल दिया, जिससे बड़े भाई के पेट में गंभीर चोट आई है। शिकायत पर पुलिस ने मंझले भाई के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है।

दुधावा चौकी में शिकायत करने पहुँचे सरोना के आवासपारा निवासी 30 वर्षीय चन्द्रशेखर कोर्राम पिता रामभाऊ कोर्राम ने पुलिस को बताया कि मैं मजदूरी का काम करता हूं। हम लोग तीन भाई है जिसमें सबसे बड़ा भाई बिसाहू कोर्राम, मंझला भाई बिसम्बर कोर्राम और सबसे छोटा मैं हूँ। मैं 10 मई को गांव के बाजार गया था और वापिस आया, तभी मेरा मंझला भाई बिसम्बर कोर्राम शराब के नशें में रात को करीबन 8 बजे घर आकर घरेलू बात को लेकर मेरे और मां के साथ घर के बाहर आंगन में लड़ाई झगड़ा कर रहा था कि मेरी बीवी भाग गई है, उसको लेकर आओ मुझे रोज अपना खाना खुद बनाना पड़ता है। तुम लोग मेरे घर वाली को मनाकर ला नही रहे हो कहकर मेरी मां के साथ मारपीट पर उतारू हो गया। वाद विवाद और लडाई झगड़ा का आवाज सुनकर मेरा बड़ा बिसाहू कोर्राम अपने कमरे से बाहर आया और तुम लोग आपस में क्यों लडाई कर रहे हो, मंझला भाई बिसम्बर कोर्राम बड़े भाई बिसाहू कोर्राम को बोला तू कौन होता है बीच में बोलने वाला कहकर गाली देते हुए बड़े भाई विसाहू ने मझंला भाई बिसम्बर को धक्का दिया। बिसम्बर गुस्से में आकर जान से मार दूंगा कहकर घर के अंदर गया और एक धारदार लोहे का हँसिया लेकर आया और बड़े भाई बिसाहू के पेट में मार दिया, जिससे उसके पेट में चोट लगा और खून निकलने लगा। हँसिया में मारने से मेरे बड़े भाई के के पेट में चोट आया है शेष पेज 12 पर

---



## तेंदूपत्ता तोड़ाई और संग्रहण कार्य में तेजी, ग्रामीणों में दिख रहा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्गूकोंदल

- आंधी- बारिश के कारण तोड़ाई कार्य देर से हुआ शुरू

विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत क्षेत्र में होने वाला तेंदूपत्ता ग्रामीण की आय का प्रमुख साधन है। तेंदूपत्ता संग्राहकों को संग्रहण की अच्छी कीमत सरकार द्वारा दी जाती है। इसके कार्य क्षेत्र के ग्रामीण सभी काम छोड़कर तेंदूपत्ता तोड़ाई में पूरे परिवार सहित जुड़ जाते हैं। मई महीने के तेज धूप में पत्ता संग्रहण करना कोई सरल काम नहीं है, लेकिन अच्छी आमदनी होने के कारण लोग उत्साह में तेंदूपत्ता तोड़ते है। कांकेर जिलेभर में तेंदूपत्ता को हरा सोना भी कहा जाता है। हरा सोने की तोड़ाई क्षेत्र तेजी से जारी है, किंतु इस वर्ष बीच में हो रही वर्षा तथा तेज आंधी चलने से पत्ता तोड़ाई कुछ विलंब से शुरू हुई, फिर भी सभी परिवार अपना लक्ष्य पूरा करने में लगे हुए है। जनपद सदस्य राजू विकास नायक ने बताया कि संग्रहण केंद्र लोहतर, सिलपट सिवनी, छिदगांव दमकसा बरहेली में जाकर तेंदूपत्ता संग्राहकों से मिल कर बात किया। सबने अपनी खुशी जाहिर किया और बेमौसम वर्षा से तेंदूपत्ता संग्राहक दुःखी भी है। वही बात की जाए तो तेंदूपत्ता संग्राहक खुश नजर आ रहे है। साय सरकार ने बजट 2025-26 में तेंदूपत्ता संग्राहकों को 5500 रुपए पारिश्रमिक देने के लिए 200 करोड़ चरण पादुका योजना अंतर्गत 50 करोड़ व राज मोहिनी देवी तेंदूपत्ता संग्राहक, सामाजिक सुरक्षा योजना के संचालन के लिए 50 करोड़ शेष पेज 12 पर

---

## कार ने पिकअप को मारी टक्कर हादसे में दो घायल, वाहन हुए क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर





- मामले में कार चालक व पिकअप चालक ने दर्ज कराए काउंटर केस

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में कांकेर बायपास में शराब के नशे में कार चालक ने पीकअप वाहन को ठोकर मार दिया, जिसमें पिकअप में सवार दो लोगों को चोट आई है और डीजे सेट बाक्स भी क्षतिग्रस्त हुआ है। पिकअप चालक की शिकायत पर कार चालक के खिलाफ और कार चालक की शिकायत पर पिकअप चालक के खिलाफ काउंटर केस दर्ज किया गया।

कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंचे 22 वर्षीय नंद किशोर साहू पिता हृदय साहूनिवासी सिंगनपुर थाना केशकाल जिला कोण्डागांव ने पुलिस को बताया कि मैं ड्रायवरी का काम करता हूँ। मैं अपने 11 मई को पीकअप वाहन क्रमांक सीजी 27 आर 8639 में डीजे सेटअप लेकर अपने साथियों अशोक सिरदार, दिपेंद्र निषाद , रोहन सिरदार, कन्हैया मरकाम के साथ शादी कार्यक्रम बारात में डीजे बजाने कुरूद जा रहे थे। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 कांकेर के बायपास में मनकेशरी चौक के पास पहुंचे थे कि दोपहर करीबन साढ़े 3 बजे माकड़ी तरफ से आ रही कार क्रमांक सीजी 07 सीटी 4155 के चालक ने अपने कार को तेजगति एवं लापरवाही पूर्वक गलत साईड में लहराते हुए चलाकर हमारे तरफ लाकर हमारे पीकअप वाहन के दाहिने पीछे हिस्से को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मेरे साथी कन्हैया मरकाम के हाथ पैर व छाती में, रोहन सिरदार के बांये हाथ कोहनी के पास चोट लगा है। इसके अलावा पीकअप में डीजे सेटअप का बाक्स टूट कर क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के तुरंत बाद मेरे साथी जिन्हे चोट लगी थी, उन्हे पुलिस पेट्रोलिग पार्टी के द्वारा अस्पताल ले जाकर ईलाज करवाया गया है। कार क्रमांक सीजी 07 सीटी 4155 के चालक शराब पिया हुआ प्रतीत हो रहा था, जिसे थाना लेकर आएं और शराब पीने के संबंध में जांच किया गया। पुलिस ने आरोपी कार क्रमांक सीजी 07 सीटी 4155 के चालक का मेरे उपस्थिति मे शराब चेक करने की मशीन से चेक करने पर 127 बीएसी रिपोर्ट आया। आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। दूसरे पक्ष की ओर से 21 वर्षीय तेजनारायण साहू पिता शैलेंद्र साहू निवासी परसदा थाना गुण्डरदेही जिला बालोद ने पुलिस को बताया कि मैं ड्रायवरी का काम करता हूं। मैं शेष पेज 12 पर

---

## स्वामी आत्मानंद स्कूल का परीक्षा परिणाम जारी

**दुधावा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय दुधावा का परीक्षा परिणाम दसवीं में दर्ज संख्या 84 में 82 उत्तीर्ण हुए। जिसमें 30 प्रथम श्रेणी एवं 20 द्वितीया श्रेणी 20 रहा। दसवीं में प्रथम स्थान 83 प्रतिशत लीना कोर्रा, द्वितीय स्थान 81 प्रतिशत भूमिका साहू, तृतीय स्थान 79 प्रतिशत दामिनी साहू का रहा। दसवीं का परिणाम 60.97 प्रतिशत रहा । बारहवीं में कुल दर्ज संख्या 90 में से 68 उत्तीर्ण हुए प्रथम श्रेणी 34 और द्वितीय श्रेणी 33 रहे। बारहवीं में प्रथम तरूण कुमार साहू 87 प्रतिशत, द्वितीय रूद्र कुमार गुप्ता रहे वहीं 12 वीं का प्रतिशत 75.55 प्रतिशत रहा।

---

## नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला आरोपी जेल दाखिल



**चारामा।** नाबालिग का अपहरण करके दुष्कर्म करने वाले आरोपी को चारामा पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में पेश किया, जिसे न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया। जानकारी के अनुसार नाबालिग के परिजनों ने 7 मई को गुमशुदगी की रिपोर्ट लिखायी थी, उसके उपरांत पुलिस टीम बनाकर लगातार पतासाजी की जा रही थी। थाना प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र कुमार साहू के द्वारा आरोपी की पतासाजी करने के लिए टीम का गठन किया था। टीम को जानकारी मिली कि आरोपी आंवरी के पास दिखा है। पुलिस ने तत्काल आरोपी को दबोचा और उसके बताए गए स्थल से अपहता एवं आरोपी का पता तलाश कर पीड़िता को दस्तयाब एवं आरोपी दिलीप उर्फ दीप मोरे को गिरफ़्तार कर न्यायलय में पेश किया गया, आरोपी को न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

---

**वन विभाग और सरकार गंभीर हो जाएं, आ सकते है सकारात्मक परिणाम**

# सालभर वनोपज से जुड़ीं महिलाओं को नहीं मिल पाता सही दाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर



वनों से प्रभावित ईलाके में 12 माह किसी न किसी वनोपज से गाँव की महिलाएं जुड़ी रहती है। महिलाओं को वनोपज का दाम जितना मिलना चाहिए, उतना नहीं मिल पाने से उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो सकती है। जिले में वनोपज से जुड़े कोचिया सक्रिय है जो एडवांस राशि देकर केवल शोषण ही करते है। सरकार वनोपज पर रणनीति बनाएं, तो बस्तर के आदिवासी विकास में मील का पत्थर साबित हो सकते है।

आधुनिकता और पाश्चात्य का प्रभाव पड़ने से आजकल के युवाओं ने वनोपज से दूरी बना लिया है। अंदरूनी ईलाके के ग्रामीण ही वनोपज से मिलने वाली उपज पर ध्यान देते है। वनोपज को लेकर अंदरूनी ईलाके की महिलाएं जितना गंभीर है, उतना पुरूष वर्ग ध्यान नहीं देता है। ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि जनवरी से फरवरी माह तक लाख की फसल, हर्रा, चिरौंजी बीज का उत्पादन होता है। पेड़ कटाई के चलते इन फसलों पर प्रभाव काफी पड़ा है। वन विभाग को इन फसलों के उत्पादन वाले क्षेत्रों में लाख, हर्रा और चिरौंजी के पेड़ को बचाने और संर्वाधन करने की जरूरत है। मार्च से अप्रैल तक महुआ फूल और उसके बीज, ईमली और उसके बीज से लाखों का फायदा वनवासियों को होता है, बस इसके लिए सही बाजार की व्यवस्था कर दिया जाएं। अप्रैल के मध्य से तेंदूपत्ता की भी तैयारी शुरू हो जाती है। मई से जून तक तेंदूपत्ता के तोड़ाई और संग्रहण में ग्रामीणों को बेहद लाभ मिलता है। इसी समय और तेंदूपत्ता तोड़ने का काम मई के प्रथम सप्ताह से शुरू हो जाता है। औषधीय फल आंवला, बेल, बहेरा को सुखाकर बाजार में बेचा जाता है। जुलाई से अगस्त तक साल बीज, कुसुम बीज और बिचुआ घास भी कमाई का जरिया बनता है। सितंबर से अक्टूबर तक जामुन बीज और उसके फल का उत्पादन भी बहुत होता है, इसके लिए बाजार की जरूरत है। कोचिया बहुत ही कम दाम में खरीदी करके ले जाते है। मधुमक्खी पालन के माध्यम से शहद का संग्रहण भी इसी माह में होता है। नवंबर और दिसंबर में मधुमक्खियों से प्राप्त शहद का बाजार में ऊंची कीमत मिलती है, इसके अलाव इस मा हमें बबूल और साल के पेड़ो से गोंद और महुआ बीज से तेल निकालने से ग्रामीणों को लाभ मिलता है।

### वनोपज के संग्रहण को लेकर तैयारी के निर्देश

सरकार वन विभाग के माध्यम से बस्तर में 12 माह मिलने वाले वनोपज के ईलाके को चिन्हांकित करके उन ईलाकों में वनोपज को लेकर ग्रामीणों के अलग-अलग समूह बनाकर पेड़ो के संरक्षण और वनोपज के संग्रहण को लेकर रणनीति तैयार करें, इससे इस क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा ओर आर्थिक दृष्टिकोण से मजबूत भी होंगे।

---

## मेटाबोदेली लौह अयस्क खदान को मिले पुरस्कार, टीम ने जताई खुशी




**भानुप्रतापपुर।** जिला कांकेर में स्थित तहसील पखांजूर अंतर्गत ग्राम मेटाबोदेली चारगांव में संचालित जायसवाल निको ग्रुप की मेटाबोदेली लौह अयस्क खदान को चालीसवें खान सुरक्षा पखवाड़ा के समापन समारोह में 5 पुरस्कार प्राप्त हुए। रायपुर में 40 वें खान सुरक्षा पखवाड़ा के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन शनिवार 10 मई को किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि उज्जवल ताह डायरेक्टर जनरल ऑफ माइंस सेफ्टी धनबाद एवं रामअवतार मीना डिप्टी डायरेक्टर जनरल आफ माइंस सेप्टी वेस्टर्न जोन नागपुर विशेष अतिथि शामिल हुए। इस समापन समारोह में जायसवाल निको ग्रुप की मेटाबोदेली लौह अयस्क खदान को कुल 5 श्रेणियों में पुरस्कार प्राप्त हुए, जिसमें बेस्ट फर्स्टएडर में प्रथम, बेस्ट कैप्टन फर्स्टएडर एवं बेस्ट फर्स्टएड टीम में द्वितीय शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप



### रिलायंस व फ्लोरेंस नर्सिंग कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मना

**धमतरी।** अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस 12 मई को फ्लोरेन्स नाइटिंगेल का जन्म दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है, फ्लोरैंस नाइटेंगल ने क्रीमियन युद्ध के दौरान घायल सैनिकों की मदद की थी जो कि काफी सराहनीय था। इस अवसर पर नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्य संजय कुमार लाल ने फ्लोरेन्स नाइटिंगेल के फोटो में पुष्प अर्पित और केक काटकर जन्मदिन को याद किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त नर्सिंग स्टाफ व समस्त विद्यार्थी सम्मलित हुए।

### पीएमश्री सेजेस बठेना स्कूल में आज से समर कैम्प का आयोजन

**धमतरी।** शहर के मध्य में स्थित पीएमश्री एमआरडी स्कूल में 13 मई से 25 मई तक समर कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इस समर कैम्प में कक्षा पहली से लेकर बारहवीं तक छात्र छात्राएं भाग ले सकेंगे। पीएमश्री योजना के तहत समर कैम्प में प्रतिदिन छात्र छात्राओं को स्वल्पाहार (नाश्ता) प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। सभी विद्यार्थी 13 मई को प्रातः 7:30 बजे स्कूल में अपनी उपस्थिति देंगे। यह कार्यक्रम प्रतिदिन 7:30 से 9:30 तक चलेगी। उच्च कार्यालय के निर्देशानुसार समर कैम्प में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा जिसमें योगा सेशन, स्पोकन इंग्लिश, ड्राइंग, पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग, क्ले माडलिंग, जुम्बा डांस, इंट्रेस्टिंग गेम्स, चुटकुले, कहानी, ब्यूटी पार्लर, जनरल नालेज, कम्युनिकेशन स्किल आदि मजेदार गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

### 10वीं में भूमिका व 12वीं में नंदरानी प्रथम

**कोर्रा(भखारा)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय -सिलौटी की कक्षा 10वीं की छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम 74.14 प्रतिशत रहा। दर्ज संख्या 31 जिसमें 10 छात्र प्रथम स्थान, 10 छात्र द्वितीय स्थान व 3 छात्र तृतीय स्थान 02 पूरक व 06 अनुत्तीर्ण रहे। इसमें भूमिका साहू पिता स्व. मनोहर लाल साहू 97 प्रतिशत अंक के साथ कक्षा में प्रथम व जिले में पांचवां स्थान, दिपांशु साहू पिता हेमलाल साहू 93.5 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान व खिलेश्वरी साहू पिता ईश्वर सिंह 89.3 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रही। कक्षा 12वीं परीक्षा परिणाम 84.77 प्रतिशत रहा जिसमें दर्ज संख्या 64 परीक्षा में प्रविष्ट 64 छात्रों में से 27 छात्र प्रथम स्थान, 25 छात्र द्वितीय स्थान, 07 पूरक व 5 छात्र अनुत्तीर्ण रहे इसमें नंदरानी पिता दिनेश कुमार 81.20 प्रतिशत अंक के साथ कक्षा में प्रथम स्थान, ललित कुमार पिता गालव प्रसाद 78.20 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय व पूनम साहू पिता रामलाल साहू 75.60 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रही। संस्था के प्राचार्य बी पदमा राजेश, शाला विकास समिति के अध्यक्ष दुलार सिन्हा, सरपंच अनिल राव शिन्दे व समिति के समस्त सदस्य एवं सभी शिक्षकों ने छात्रों की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त की है।

छग पेंशनर समाज द्वारा आयोजित जिला स्तरीय संगोष्ठी में सांसद, जनप्रतिनिधि हुए शामिल

# एक राष्ट्र, एक चुनाव से बनेगा सशक्त और स्थिर भारत : अजय





## पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर बोले - यह केवल चुनाव सुधार नहीं, बल्कि लोकतंत्र को नई दिशा देने वाली ऐतिहासिक पहल है

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण लोकतंत्र को स्थिर, पारदर्शी और सुशासित बनाने की दिशा में -वन नेशन, वन इलेक्शन- की अवधारणा एक ऐतिहासिक कदम साबित हो सकती है। इस विचार को जनमानस तक पहुंचाने और व्यापक जनचर्चा के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज, नगरी द्वारा सोमवार को साहू सदन में जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कुरुद विधायक अजय चंद्राकर ने तथ्यों से परिपूर्ण वक्तव्य देते हुए कहा कि – देश में अलग-अलग समय पर होने वाले चुनाव न केवल आर्थिक संसाधनों की बर्बादी करते हैं, बल्कि प्रशासनिक कार्यों, शिक्षा, विकास योजनाओं और मानव संसाधनों पर भी नकारात्मक प्रभाव डालते हैं। श्री चंद्राकर ने आगे कहा – यह मात्र चुनाव सुधार नहीं, बल्कि लोकतंत्र को मजबूती देने वाली क्रांतिकारी पहल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह विषय अब राष्ट्रव्यापी विमर्श का विषय बन चुका है। यदि हम इस व्यवस्था को अपनाते हैं तो यह न केवल चुनावी खर्च में हजारों करोड़ रुपये की बचत करेगा, बल्कि शासन व्यवस्था को स्थिरता, निरंतरता और पारदर्शिता भी मिलेगी। उन्होंने ऐतिहासिक संदर्भ देते हुए बताया कि भारत में 1952 से लेकर 1967 तक लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ कराए जाते थे, लेकिन बाद के वर्षों में यह परंपरा टूट गई, जिसका असर आज बहुत सारी बातों पर नकारात्मक हो रहा है।

अजय चंद्राकर ने अपनी बात को विस्तार देते हुए कहा कि बार-बार आचार संहिता लागू होने से विकास कार्य ठप पड़ जाते हैं, स्कूल-कॉलेजों के शिक्षक व अधिकारी चुनाव कार्य में लग जाते हैं, जिससे पढ़ाई और प्रशासन दोनों प्रभावित होते हैं। यह व्यवस्था यदि लागू होती है तो यह एक राष्ट्र-एक पहचान, एक चुनाव-एक सोच, और एक दिशा-एक विकास का सूत्र बन जाएगी।

चंद्राकर ने उपस्थित लोगों से अपील की कि वे एकमत होकर इस पहल का समर्थन करें और राष्ट्रपति के पास सामूहिक और व्यक्तिगत राय भेजकर इस विचार को संविधानिक स्वरूप देने के लिए आंदोलन बनाएं। उन्होंने कहा – आज जरूरी है कि सामाजिक संगठन, पेंशनर समाज, बुद्धिजीवी वर्ग और जनप्रतिनिधि इस सुधार की अलख जन-जन तक पहुंचाएं, ताकि देश की भावी पीढ़ी एक स्थिर और समृद्ध लोकतंत्र की नींव पर खड़ी हो सके।

छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज, नगरी के अध्यक्ष आर.एल. देव ने अपने विचार में कहा कि देश में बार-बार होने वाले चुनावों से नीति निर्माण में बाधा आती है। एकसमान चुनाव व्यवस्था से संसाधनों की बचत होगी और लोकतांत्रिक प्रणाली सशक्त होगी। उन्होंने कहा कि पेंशनर समाज के लगभग 900 सदस्य एक देश – एक चुनाव के विचार का समर्थन करते हैं।

संगोष्ठी में कांकेर लोकसभा सांसद भोजराज नाग एवं महासमुंद लोकसभा सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि एक साथ चुनाव होने से सरकारों को पाँच साल तक बिना किसी राजनैतिक दबाव के काम करने का अवसर मिलेगा। इससे नीति-निर्माण में निरंतरता आएगी और शासन तंत्र अधिक उत्तरदायी बनेगा।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, जनपद अध्यक्ष नगरी महेश गोटा, जनपद अध्यक्ष धमतरी श्रीमती अंगीरा, पूर्व विधायक पिंकी शाह और श्रवण मरकाम शामिल हुए।

इसके अलावा जिला पंचायत सभापति अजय ध्रुव, नगर पंचायत नगरी अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा, जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय शांडिल्य, मनोहर मानिकपुरी, महामंत्री वासु साहू, सोशल मीडिया प्रभारी दानवीर मरकाम, युवा नेता महामंत्री रूपेंद्र साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता कविंद्र जैन, विकल गुप्ता, कमल डागा, अकबर कश्यप, मोहन नाहटा, विजय यदु, नरेश सिन्हा, राजेश नाथ गोसाईं, प्रवीण गुप्ता, सुलोचना साहू, चमेली साहू, दीपक साहू, रामगोपाल साहू,सहित अन्य जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बृजलाल सार्वा ने किया।

## आदिवासी युवा प्रभाग ने किया छात्र-छात्राओं का सम्मान





हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाओं 10वी 12वी का रिजल्ट 7 मई को जारी कर दिया है, जिससे क्षेत्र के छात्र-छात्राओं में एक अलग उत्साह देखने को मिल रहा है। आदिवासी ध्रुव गोंड समाज युवा प्रभाग तहसील नगरी के पदाधिकारियों ने बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंकों से पास हुए छात्र - छात्राओं को उनके निवास स्थल पहुंच कर पीला चावल, श्रीफल, पुष्पहार, मीठा सहित शुभकामनाए प्रेषित की।

हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में प्रीति ध्रुव पिता कचरूराम ध्रुव ग्राम चर्रा ने 93.6%, याचना ध्रुव ग्राम साहनीखार 83%, कुसुमलता ध्रुव ग्राम तुमडीबाहर 80%, राखी नेताम ग्राम बिलभदर 76%, वही नगरी एक ऐसा छात्र अनिश ध्रुव जिसने गणित में 100 में से 100 नंबर प्राप्त करते हुए 70.2% प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

हायर सेकेंडरी स्कूल में यशस्वी ध्रुव पिता माखनलाल ध्रुव नगरी की छात्रा ने साइंस में 83.6%, तेजस्वी मार्कोले ग्राम करैया साइंस में 80%, चित्रानी ध्रुव ग्राम गट्टासिली वाणिज्य से 83% प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इस मौके पर आदिवासी ध्रुव गोंड समाज तहसील नगरी के अध्यक्ष सुरेंद्र ध्रुव एवं युवा प्रभाग कोषाध्यक्ष कांता कुंजाम, सचिव तामेश्वर ध्रुव, मीडिया प्रभारी गितेश ध्रुव, सदस्य गोपाल मरकाम सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

## कुकरेल तहसीलदार को विदाई दी गई



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुकरेल(धमतरी)

तहसीलदार कुकरेल प्रेमु लाल साहू का विदाई कार्यक्रम रखा गया था। इस कार्यक्रम में नए तहसीलदार ख्याति कंवर का स्वागत भी किया गया। विदाई कार्यक्रम में राजस्व निरीक्षक संजय सोनी, राजस्व पटवारी संघ कुकरेल के संरक्षक योगेंद्र श्रीमाली, अध्यक्ष द्विजराम मरकाम, उपाध्यक्ष कुशल कुंजाम, कोषाध्यक्ष दीपक मरकाम, पटवारी ऋषि कपूर गंगेले, डोमन प्रकाश बंजारे, लक्ष्मी धनेशकर, गोविंद साहू, रीडर ज्योति यादव, झंकार शर्मा, ऑपरेटर विवेकानंद नागवंशी, सोहन, लीना, प्रवीण नेताम व अध्यक्ष जिला कोटवार संघ धमतरी सुरेश दास मानिकपुरी, कोटवार सुदर्शन, भुनेश, योगी, महेंद्र, बल्लू, उपस्थित थे। कार्यक्रम का संयोजन भुनेश दास द्वारा किया गया। गुहलेद कोटवार द्वारा शास्त्रीय गायन के माध्यम से विचार व्यक्त किया गया। मंच संचालन विरेंद्र कुमार कुंजाम द्वारा किया गया।

## घर घर हुआ यज्ञ, शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**धमतरी।** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर शांति कुंज हरिद्वार के तत्वावधान में सोमवार को जनपद अध्यक्ष श्रीमती अंगीरा ध्रुव के गृहग्राम अरौद में लोक कल्याण एवं विश्व शांति के लिए गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें परिवार के पूरन सिंह ध्रुव, निर्मलादेवी, भागवत ध्रुव उपस्थित हुए। श्रद्धापूर्वक लोगों ने महायज्ञ में आहुति डाली। इस अवसर पर भारतीय सेना के शहीद वीर सैनिकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। यज्ञाचार्य एमआर निषाद ने यज्ञ एवं गुरु की महिमा, गायत्री मंत्र जप करने के लाभ के बारे में विस्तार से बताया। यह कार्यक्रम छुही लीलर इकाई में 200 घरों में एक साथ सम्पन्न हुआ।

पीएमश्री शाला कठौली में समर कैंप की हुई शुरुआत

# सभी बच्चे समर कैंप का लाभ उठाए : गौकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री



पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला कठौली में 12 मई से समर कैम्प का शुभारंभ किया गया। पीएमश्री स्कूलों में शासन के आदेशानुसार समर कैम्प में बच्चों को खेल खेल में विभिन्न गतिविधियों को सिखाने के लिये कहा गया है। पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला कठौली विकास खण्ड कुरुद में प्रथम दिन योगा व खेल, योग शिक्षक लोकेश कुमार द्वारा कराया गया। इसके साथ ही स्पोकन इंग्लिश प्रधानपाठक ललित साहू व कु. तुलसी द्वारा डांस, कु. गीतांजली साहू के द्वारा हारमोनियम, टिकेश्वर विश्वकर्मा व तबला प्रशांत नगारची के द्वारा सिखाया गया। बच्चों को पोहा के साथ जलेबी का नास्ता भी परोसा गया।

इस अवसर पर बच्चों को मार्गदर्शन देने के लिये जिला पंचायत धमतरी के उपाध्यक्ष गौकरण साहू मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर उन्होंने कहा कि ऐसे समर कैंप का लाभ सभी बच्चों को अवश्य उठाना चाहिए। स्वास्थ्य से बड़ा धन कुछ नहीं है। तन और मन स्वच्छ और स्वस्थ रहेगा तो बच्चे अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने के साथ साथ में एक बड़ी सफलता हासिल करेंगे। इस अवसर पर सरपंच ग्राम पंचायत कठौली डा. खेमराज साहू, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजकुमार निषाद, शिक्षाविद छबिलाल साहू, सदस्य अरूण साहू, शिक्षक ऋतुराज बसंत स्वीपर घनश्याम साहू व रसोईया अमृत निषाद उपस्थित थे। बड़ी संख्या में बच्चे व पालक भी शामिल हुए। बच्चों का यह कैम्प दस दिवस चलेगा।

# कुरुद के डॉ. मोहित साहू की किताब 'इनर वेलनेस रिवोल्यूशन' मानसिक सेहत की क्रांति बनी अमेजन बेस्टसेलर

- तनाव और चिंता से जूझते भारत में छत्तीसगढ़ की आवाज बने डॉ. मोहित साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी




आज के समय में जब हर दूसरा व्यक्ति तनाव, चिंता और अधिक सोच (ओवरथिंकिंग) से जूझ रहा है, ऐसे समय में छत्तीसगढ़ के कुरुद निवासी डॉ. मोहित कुमार साहू द्वारा लिखित पुस्तक -इनर वेलनेस रिवोल्यूशनः चिंता, तनाव और ओवरथिंकिंग के लिए वैज्ञानिक और समग्र समाधान- ने अमेज़न बेस्टसेलर बनकर देशभर में मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक नई जागरूकता की लहर पैदा कर दी है। यह पुस्तक हाल ही में - चिंता और भय से निजात दिलाने वाली सेल्फ-हेल्प- श्रेणी में एक नई लोकप्रिय रिलीज़ रही है।

डॉ. मोहित साहू, एक मानसिक स्वास्थ्य कोच और एनएलपी (न्यूरो-लिंग्विस्टिक प्रोग्रामिंग) विशेषज्ञ हैं। उन्होंने एनएलपी, माइंडफुलनेस और न्यूरोसाइंस जैसे वैज्ञानिक तरीकों को मिलाकर इस पुस्तक में ऐसे प्रभावशाली, सरल और व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत किए हैं, जो पाठकों को चिंता, तनाव और ओवरथिंकिंग से उबरने में मदद करते हैं। यह पुस्तक अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कोच डॉ. योगेन्द्र सिंह राठौर द्वारा लॉन्च की गई थी और इसके कुछ ही दिनों में इसने मानसिक स्वास्थ्य को लेकर एक नई सोच और जागरूकता उत्पन्न कर दी है।

चिंता, तनाव और ओवरथिंकिंग विज्ञान और समाधान : चिंता, तनाव और अधिक सोच का संबंध सीधे हमारे मस्तिष्क की कार्यप्रणाली और हार्मोन्स से जुड़ा है। मस्तिष्क का एमिगडाला भाग जब अत्यधिक सक्रिय हो जाता है, तो यह- फाइट या फ्लाइट- प्रतिक्रिया शुरू करता है और कॉर्टिसोल नामक तनाव हार्मोन का स्तर बढ़ जाता है। इसके परिणामस्वरूप घबराहट, बेचैनी और नकारात्मक सोच जन्म लेती है।

वहीं, निर्णय लेने और तार्किक सोच के लिए जिम्मेदार प्रीफ्रंटल कॉर्टेक्स की सक्रियता घट जाती है, जिससे संतुलन बिगड़ जाता है और व्यक्ति ओवरथिंकिंग और चिंता की स्थिति में आ जाता है। डॉ. साहू ने अपनी पुस्तक में बताया है कि कैसे एनएलपी और माइंडफुलनेस जैसी तकनीकें मस्तिष्क की कार्यप्रणाली को पुनः संतुलित कर सकती हैं। माइंडफुलनेस मेडिटेशन से प्रीफ्रंटल कॉर्टेक्स सक्रिय होता है, जिससे एमिगडाला की सक्रियता घटती है और मानसिक शांति मिलती है।

एनएलपी तकनीकें, जैसे रीफ्रेमिंग, व्यक्ति की सोच और भाषा के पैटर्न को इस तरह बदलती हैं कि मस्तिष्क में नई सकारात्मक मानसिक संरचना विकसित हो सके। इसे ही न्यूरोप्लास्टिसिटी कहते हैं। इन तकनीकों का प्रभाव वैज्ञानिक रूप से सिद्ध है और ये बिना किसी दवा के मानसिक असंतुलन को जड़ से सुधारने में कारगर हैं।यह पुस्तक अमेजन, फ्लिपकार्ट, गूगल बुक, गूगल प्ले स्टोर जैसे प्रमुख प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है।




**पुस्तक की विशेषताएँ :-**
चिंता, तनाव और ओवरथिंकिंग से निपटने के सरल और असरदार उपाय। मस्तिष्क विज्ञान और एनएलपी पर आधारित रणनीतियां। माइंडफुलनेस से कोर्टिसोल कम करें, सेरोटोनिन बढ़ाएं, मानसिक संतुलन पाएं। मानसिक स्वास्थ्य अब कोई विकल्प नहीं, यह आज की अनिवार्यता है। -इनर वेलनेस रिवोल्यूशन- के माध्यम से मेरा उद्देश्य है कि हर व्यक्ति अपने भीतर की शांति और शक्ति को पुनः प्राप्त कर सके।

## 19 मई को मंत्रालय घेराव में जिले के सहकारी कर्मी होंगे शामिल : नरेंद्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

सहकारी समिति कर्मचारी संघ जिला धमतरी की कार्यकारिणी की बैठक सोमवार को बठेना समिति में समय 12:30 बजे संपन्न हुआ। जिसमें यह निर्णय लिया गया कि महासंघ के आह्वान पर लंबित तीन सूत्रीय मांग जैसे प्रबंधकीय अनुदान राशि देने, बैंकों के खाली समिति प्रबंधकों के पदों पर समिति कर्मचारियों को लेने, गत वर्ष एवं वर्तमान वर्ष धान शून्य शॉर्टेज प्रोत्साहन राशि दिलाने इस वर्ष की सम्पूर्ण धान उठाव सहित वर्तमान वर्ष एवं पूर्व वर्ष में धान सुखत समितियां को दिलाने सहित सुखत के नाम पर एफआईआर एवं समिति प्रबंधकों की सेवा मुक्ति की जा रही है जैसे मांगों को लेकर पूरे जिले सहित प्रदेश के 33 जिलों के लगभग 15,000 हजार कर्मचारी 15 मई को धरना स्थल तूता रायपुर में 11 बजे एकदिवसीय धरना प्रदर्शन कर स्मरण ज्ञापन के माध्यम से मंत्रालय का घेराव करेंगे। जहां मुख्यमंत्री, सहकारिता मंत्री, खाद्य मंत्री को पुनः पत्र सौंपा जाएगा। जिसमें जिले के 74 सहकारी समितियों के लगभग 600 लोग भाग लेंगे। यह जानकारी नरेंद्र कुमार साहू जिला कार्यवाहक अध्यक्ष धमतरी ने दिया है।



## गृहे-गृहे यज्ञ अंतर्गत गायत्री यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

अखिल भारतीय विश्व गायत्री परिवार शांति कुंज हरिद्वार द्वारा विश्व कल्याण के लिए चलाए जा रहे गृहे-गृहे यज्ञ अंतर्गत लोगों के घरों पर गायत्री यज्ञ किया जा रहा है। इसी कड़ी में हरीश साहू पार्षद के यहां राम साहू के द्वारा एक कुंडीय गायत्री यज्ञ किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या गायत्री परिवार के लोग उपस्थित थे।

### सामयिक ग्रुप ने नगर निगम को 101 जल पात्र सौंपा

**धमतरी।** भीषण गर्मी के मौसम में जानवरों की प्यास बुझाने के लिए जैन समाज के सामयिक ग्रुप की महिलाओं द्वारा 101 नग जल पात्र (कोटना) नगर निगम को सौंपा गया। इस अवसर पर जैन मुनि विशुद्ध सागर ने मांगलिक सुनाकर जीव दया के इस शुभ कार्य के लिए सभी को साधुवाद दिया। महापौर रामू रोहरा, सभापति अखिलेश सोनकर, निलेश लूनिया, कुलेश सोनी, दीपक शर्मा सहित अनके गणमान्य लोगों ने गुरु महाराज का आशीर्वाद लिया।

## पेज 11 के शेष ...

### पुरानी बात पर...

गया। दूसरे पक्ष से 25 वर्षीय बिकेश सेठिया पिता स्व. बलीराम सेठिया निवासी शिव नगर अटल आवास ने पुलिस को बताया कि मैं वायरिंग का काम करता हूं। मैं 11 मई की रात को करीबन साढ़े 9 बजे अपनी बहन के घर के सामने था कि सुधराम सलाम पुरानी बातों को लेकर विवाद करने लगा, तब उन्हें झगड़ा विवाद करने से मना करने पर मुझे गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का थप्पड़ से मारपीट करने लगे, तब झगड़ा मारपीट को देखकर अभिषेक नेताम बीच बचाव करने आया, उसे राहुल मंडावी एवं रमेश मंडावी एक राय गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट किए। मार पीट से मेरे पीठ एवं बायें हाथ में तथा अभिषेक नेताम के सिर, दाहिने कंधा, दोनों हाथ तथा दोनों पैर में चोटें आई है। शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया गया है।

### पारिवारिक विवाद...

जिससे ईलाज के लिए जिला अस्पताल कांकेर में भर्ती कराया गया। दुधावा चौकी में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए डायरी को नरहरपुर थाना स्थांतरित किया गया। नरहरपुर थाना में आरोपी भाई के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

### तेंदूपत्ता तोड़ाई और...

रुपए का प्रावधान किया है। प्रति बोरा 5500 रुपए निर्धारित कर क्षेत्र वासियों की खुशी को दोगुना कर दिया है।

### कार ने पिकअप...

11 मई को अपने दोस्त करण साहू , महेंद्र यादव, राकेश साहू, दौलत साहू के साथ कार क्रमांक सीजी 07 सीटी 4155 में सवार होकर शादी कार्यक्रम में कांकेर आ रहे थे। बायापास रोड में मनकेशरी चौक के पास दोपहर करीबन साढ़े 3 बजे केशकाल की तरफ से पीकअप डीजी सेटअप वाहन के द्वारा सीजी 27 आर 8639 के चालक द्वारा पीकअप वाहन को तेजगति एवं लापरवाही पूर्वक चलाते लाकर कार के सामने ड्रायवर तरफ को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट करने से मेरे कार का सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। शिकायत पर पीकअप क्रमांक सीजी 27 आर 8639 चालक के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया।

### बरकई में हर्षोल्लास...

पुष्पा जैन उपसरपंच, हुकुम लाल जैन, सांता राम नेताम, डोमार सिंह नाग, मोती राम चक्रधारी, शेषराम चक्रधारी, जीवन चक्रधारी, शिवराज चक्रधारी, पवन चक्रधारी, महेन्द्र चक्रधारी, आशीराम चक्रधारी, उतम चक्रधारी, मोहन चक्रधारी, बननु चक्रधारी, विमल चक्रधारी, जितेंद्र चक्रधारी, जीवराखन चक्रधारी, वरूण चक्रधारी, समस्त ग्रामवासी एवं सगा बंधु, समस्त नव युवक कुम्हार समाज बरकई की उपस्थिति रही।

### मेटाबोदेली लौह...

तथा पब्लिसिटी एंड प्रोपोगंडा एवं सेप्टी मैनेजमेंट प्लान में तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। यह पुरस्कार जायसवाल निको ग्रुप के खदान प्रमुख टी प्रसन्ना कुमार एवं उनकी टीम ने ग्रहण किया। जायसवाल निको ग्रुप के एसके स्वेन ने इस उपलब्धि के लिए पुरी टीम को शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।

## खबर संक्षेप

### नशामुक्ति पर ग्रामीणों को किया जागरूक



**लोहंडीगुड़ा।** ग्राम पंचायत सरपंचों, कोटवारों, पटेलों एवं अन्य प्रतिनिधि और गांव के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में पुलिस थाना लोहंडीगुड़ा परिसर में थाना प्रभारी एवं प्रशासनीक अधिकारी तहसीलदार के द्वारा जनजागरुकता अभियान के तहत मीटिंग लिया गया। मीटिंग में गांव की समस्याओं पुलिस, प्रशासन एवं ग्रामीणों के आपसी तालमेल एवं कानून व्यवस्था, 3 नए कानून, जमीन शिकायतों का त्वरित निराकरण, सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर, रोड एक्सीडेंट एवं ट्रेफिक अवेयरनेस, न्यायालय से जारी नोटिस समन एवं वारंटो की तामिली , महिला संबंधित अपराध, साइबर अपराध, नशामुक्ति एवं अन्य और कई मुद्दों पर जागरूक करते हुए समझाइए दी गई।

### शिविर : सुशासन तिहार का समाधान शिविर छिंदगढ़ में हुआ

# डीपीओ एसी रूम से निकल कर करें दौरा प्रत्येक आंगनबाड़ी की करें चिंता: दीपिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा



सुशासन तिहार के समाधान शिविर के अंतर्गत विकासखण्ड छिंदगढ़ मुख्यालय में आयोजित किया गया।

जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्या अधिवक्ता दीपिका शोरी, जिला पंचायत सदस्य संजना नेगी एवं हूँगाराम मरकाम सहित पार्वती प्रधानी, कौशल्या दानडडे, जनपद सदस्य नेहा महेश्वरी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ अतिरिक्त कलेक्टर सूरज कश्यप, डिप्टी कलेक्टर वर्मा, एसडीएम प्रताप विजय खेस, तहसीलदार इरशाद खान, जनपद सीईओ गुप्ता, बीइओ कमलेश श्रीवास्तव, मण्डल संयोजक मनीराम एवं अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक व जिला एवं खण्ड स्तरीय अधिकारी, कर्मचारियों की उपस्थिति में कलस्टर पंचायत में शामिल छिंदगढ़, रोकेल, उरमापाल, पतिनाईकरास, रेड्डीपाल, कांजीपानी, केरातोंग 7 पंचायतों के ग्रामीणों को उनके आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई। समाधान शिविर में सभी विभागों के जिला, अनुविभाग एवं खण्डस्तरीय अधिकारी अपने विभागीय स्टाल के साथ उपस्थित रहे।

समाधान शिविर में महिला आयोग की सदस्य अधिवक्ता दीपिका शोरी ने ग्रामीणों से सीधे संवाद करते हुए उनके समस्याओं के सम्बंध में बात करते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार की जन कल्याण कारी योजनाओं के बारे में बताया एवं युवाओं को सम्बोधित करते हुए दुर्घटना के दौरान लाइसेंस के अभाव में इंश्योरेंस की राशि के नहीं मिल पाने की कानूनी अड़चन को बताते हुए सभी से ड्राइविंग लाइसेंस बनाने हेतु अपील किया

संवाद के दौरान ही दीपिका ने पीएचई के अधिकारियों से पेयजल आपूर्ति पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश देकर पेयजल व्यवस्था जल्द दुरुस्त करने हेतु कहा। विभागीय अधिकारियों ने बारी-बारी से मंच पर आकर उनके विभाग से संबंधित प्राप्त कुल आवेदनों की संख्या, आवेदक का नाम, निराकृत आवेदनों एवं खारिज किए गए आवेदनों की जानकारी विस्तार से दी। इस समाधान शिविर में पंचायतों के ग्रामीणों को उनके आवेदन निराकरण की स्थिति से अवगत कराया गया। ग्रामीणों द्वारा मांग से संबंधित आवेदनों में मुख्य रूप से पीएम आवास, पेयजल की समस्या, वन अधिकार पत्र, फौती, बटवारा, नामांतरण, अहाता निर्माण, नवीन आंगनबाड़ी केन्द्र, महतारी वंदन योजना का लाभ, मुर्गी पालन, बकरी पालन, सीसी रोड, मिट्टी-मुरूम रोड, नाली, पुलिया आदि मांग शामिल है।

कार्यक्रम को संजना नेगी एवं हूंगाराम मरकाम ने भी सम्बोधित करते हुए योजनाओं का लाभ लेने हेतु कहा एवं कार्यक्रम का संचालन अरुण सिंह परिहार एवं नशीब खान ने किया।

### दीपिका के दिखे तेवर, महिला बाल विकास विभाग को दिए कड़े निर्देश

आंगनबाड़ियों में लगातार रेडी टू ईट एवं गर्म भोजन से सम्बंधित शिकायत मिलने पर दीपिका के दिखे कड़े तेवर उन्होंने महिला बाल विकास विभाग के सुपरवाइजर,सीडीपीओ, डीपीओ को निर्देश देते हुए कहा कि पहले आपने क्या किया यह मैं नहीं पूछ रही हूं पर अब बच्चों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ बर्दास्त नहीं किया जाएगा सुकमा में भ्रस्टाचार करने बड़े बड़े लोग जेल की हवा खा रहे हैं आप सभी खासकर सुकमा की डीपीओ अपने एसी रूम से बाहर निकले व केंद्रों का दौरा करें और गर्म भोजन एवं रेडी टू ईट व्यवस्था को दुरुस्त करें।

# लापरवाही व अनदेखी से वाटर कूलर कबाड़ में हो रहा तब्दील

हरिभूमि न्यूज ⏭ बचेली





दंतेवाड़ा जिला के लौहनगरी बचेली में स्थित स्टेट बैंक शाखा में दूर-दराज से आने वाले उपभोक्ताओं के पीने के पानी की समस्या को देखते हुए वार्ड क्रमांक 14 नगरपालिका परिषद बड़े बचेली के पूर्व पार्षद भानमति साहू के द्वारा स्वयं के पार्षद निधि से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शाखा बचेली को पूर्व में वाटर कुलर प्रदाय की गई थीं। परंतु शाखा प्रबंधन की लापरवाही व अनदेखी से वाटर कूलर कबाड़ में तब्दील हो रहीं हैं।

■ उपभोक्ताओं को प्यास बुझाने के लिए पानी खरीद कर पीना पड़ रहा

स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के शाखा बचेली में शहर के साथ ही साथ, रोजाना सैकड़ों ग्रामीण उपभोक्ताओं का भी लगातार आना जाना लगा रहता हैं। जहां रोजाना इन सैकड़ों उपभोक्ताओं से लाखों की कमाई शाखा को हो रहीं हैं, लेकिन उपभोक्ता के लिए बैंक प्रबंधन द्वारा पीने का पानी के लिये किसी भी प्रकार की व्यवस्था नहीं किया गया है। वहीं दूसरी ओर भीषण गर्मी से परेशान उपभोक्ताओं को प्यास बुझाने के लिए पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है। विवश उपभोक्ताओं ने यह भी बताया कि बचेली शाखा में चिल्हर के लिए उपभोक्ताओं को घण्टो इंताजर के बाद खाली हाथ लौटना पड़ रहा हैं।

शाखा में बने नये नियमों का घंटो लाइन लगाने के बाद अपनी बारी आने पर नये बने नियमो का पता चलता हैं। शाखा प्रबंधन की इस घोर लापरवाही व अव्यवस्थाओं के आलम से उपभोक्ताओं में बेहद आक्रोश है।

### 586 गांव में डोर टू डोर सर्वे करने तैनात सर्वे दल

# ड्रॉप आउट मुक्त करने बच्चों की खोज में जुटा जिला प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर



आगामी शिक्षा सत्र में जिले को ड्रॉप आउट मुक्त करने जिला प्रशासन बीजापुर ने स्कूल वेंडे वर्राट पण्डुम अभियान प्रारंभ किया है । अभियान के तहत जिले के हर गांव हर घर तक सर्वे दल के माध्यम से बच्चों की पहचान की जाएगी और ठोस कार्य योजना बनाकर उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा ।

कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशानुसार जिले के लगभग 600 गांव में सर्वे के लिए दल गठन कर उन्हें प्रशिक्षण देने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है । सर्वे दल में शिक्षक, शिक्षादूत, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्व सहायता समूह सदस्य मिलाकर तकरीबन 2200 लोग शामिल है जिन्हें सभी ब्लाकों में प्रशिक्षण देकर सर्वे के महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी गई । दिनांक 8 मई से सभी गांव में 600 सर्वे दल द्वारा घर घर संपर्क अभियान शुरू कर दिया गया जहां वे निर्धारित प्रपत्र में परिवार की पूरी जानकारी भर रहे हैं।

प्रपत्र में जो बच्चे शाला त्यागी और अप्रवेशी है उनके कारणों को सूक्ष्मता से अंकित किया जा रहा है। 20 मई तक सर्वे पूर्ण करने की समय सीमा रखी गई है । इस अवधि में सभी दल अपने निर्धारित ग्राम के प्रत्येक घर का सर्वे कर पंचायत सचिव और संकुल समन्वयकों के माध्यम से सर्वे प्रपत्र एकत्रित कर जांच करेंगे उसके बाद चारों ब्लॉक के बीआरसी कार्यालय में ऑपरेटर के माध्यम से डाटा एंट्री का कार्य किया जाएगा ।

डाटा एंट्री के पश्चात सर्वे के परिणाम की समीक्षा होगी और व्यापक रणनीति बनाकर शाला त्यागी और अप्रवेशी बच्चों को स्कूल फिर से लाने का प्रयास किया जाएगा ।

# 57 आवेदनों का किया गया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बचेली



सुशासन तिहार के तृतीय चरण समाधान शिविर 5 से 31 मई के अंतर्गत नगर पालिका बड़े बचेली मे रवीवार को वार्ड 5 मंगल भवन मे वार्ड क्र. 4 और 5 में प्राप्त आवेदन का निराकरण किया गया। इन वार्डों में 57 आवेदन प्राप्त हुआ था।

■ सुशासन तिहार का तृतीय चरण में शिविर का आयोजन

जिसमें 19 आवेदन शिकायत सम्बन्धी एवं 38 मांग आधारित थे जिनका निराकरण किया गया। जिसमें नवीन राशन कार्ड, पेंशन, आधार अपडेट, प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान कार्ड, पानी की समस्या, स्ट्रीट लाइट आदि आवेदन थे शिविर मे राशन कार्ड, जाती प्रमाण पत्र वितरित किया गया जिसमे कार्यक्रम मे नगर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदगण शामिल रहे कार्यक्रम मे महिला बाल विकास विभाग द्वारा सुपोषण का कार्यक्रम भी किया गया। कार्यक्रम में राजस्व विभाग, महिला बाल विकास, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगरीय प्रशासन, कौशल विकास विभाग एवं अन्य विभाग अपना अपना स्टॉल लगाया एवं योजनाओं की जानकारी दी कार्यक्रम मे अध्यक्ष नगर पालिका राजू जायसवाल उपाध्यक्ष सतीश प्रेमचंदनी, पार्षद सलीम रजा उस्मानी, पार्षद धंसिंग नाग, पार्षद दीपक सरकार, पार्षद झीलकी नाग, पार्षद विजय भोगामी, पार्षद सुनील गाइन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी पीटी एम कृष्णा राव उप अभियंता संतोष नेगी एवं पालिका कर्मचारी एवं अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।

# बनियागांव व तारापुर में की गई चना वितरण में गड़बड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बकावंड



राशन दुकानों में चने की अफरातफरी को लेकर ग्रामीण क्षेत्र से शिकायतें प्रशासन तक पहुंचने लगी हैं। ग्राम पंचायत तारापुर और बनियागांव से चने की अफरा तफरी की शिकायत आई है।

विकासखंड बकावंड में सार्वजनिक वितरण प्रणाली में गड़बड़ी की ज्यादा शिकायतें आ रही है। आवंटन न मिलने के कारण जनवरी, फरवरी और मार्च में सरकारी उचित मूल्य की दुकानों से उपभोक्ताओं को चने का वितरण नहीं हो पाया था। अप्रैल में पिछले तीनों माह के साथ ही अप्रैल के भी चने का आवंटन मिला, मगर कई राशन दुकानदारों ने उपभोक्ताओं को चार माह के आठ पैकेट चना न देकर आधे से भी कम मात्रा में चना दिया। टलनार पंचायत के बाद अब चने की हेराफेरी की शिकायत ग्राम पंचायत बनियागांव और तारापुर से भी सामने आई है। बनियागांव के फरसू गोयल, शेरसिंह बघेल, धनमत और अन्य उपभोक्ताओं ने आधी मात्रा में चने का वितरण किए जाने की शिकायत की है। ग्राम पंचायत टलनार के बृजलाल सेठिया ने शिकायत की है कि 288 हितग्राहियों को शक्कर दिए बगैर विक्रेता ने यह कहते हुए पैसे ले लिए कि अगले माह आने से दूंगा। ग्राम पंचायत तारापुर के उपभोक्ता शंकर, रेवती, सेलसिरा, सुरमी आदि ने भी उपभोक्ताओं को पूरा चना नहीं दिए जाने की शिकायत की है।

### युवती से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**धमतरी।** शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने वाले युवक को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस के अनुसार चारामा क्षेत्र की एक युवती का 2019 से केरेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम मोहलई निवासी शैलेन्द्र कुमार के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था। इस दौरान युवक ने शादी का झांसा देकर युवती से कई बार दुष्कर्म किया। दो दिन पहले आरोपी ने युवती को धमतरी बुलाकर फिर दुष्कर्म किया। युवती द्वारा शादी के लिये बोलने पर युवक मुकर गया। युवती को धमतरी में ही छोड़कर युवक अपने घर ग्राम मोहलई चला गया। पीड़ित युवती ने सिटी कोतवाली पहुंचकर आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर उसे पकड़ने उसके गांव मोहलई रवाना हुई। पुलिस ने आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

# गुड़ी बाजार धार्मिक एकता का प्रतीक



हरिभूमि न्यूज : घाटलोहंगा

बस्तर ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत घाटलोहंगा में आस्था और परंपरा से परिपूर्ण देवी-देवताओं का जात्रा समारोह सोमवार को संपन्न हुआ। ग्राम की प्रमुख ग्राम देवियां, बावड़ी माता, महामाहि फिरंता कांकालीन माता, पीला बाई माता और लौजार माता के सान्निध्य में सोमवार को गुड़ी बाजार का आयोजन किया गया।

सोमवार को ही पीला बाई माता की गुड़ी बाजार का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के ग्रामों से देवी-देवताओं को निमंत्रण भेजा गया था। सभी देवी-देवता पीला बाई माता की गुड़ी में विधिवत रूप से पहुंचे। देवी-देवताओं के आगमन पर ग्राम पुजारी अलदेव बघेल ने शंक, घंटा, बाजा और मोहरी की गूंज के साथ आरती उतारकर उनका पारंपरिक स्वागत किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी देवी-देवताओं की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की गई और बलि, सुपारी अर्पित कर उन्हें विदाई दी गई। ग्रामवासियों और श्रद्धालुओं ने पूरे भक्ति भाव और उल्लास के साथ इन आयोजनों में भाग लिया। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक रहा, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक एकता और परंपरा का जीवंत उदाहरण भी प्रस्तुत करता है।

इस अवसर पर ग्राम देवी पुजारी अलदेव बघेल, माटीपुजारी मनीराम बघेल, ग्राम सरपच दिया भद्रे, समेत उपसरपंच यमुना तिवारी, यसवंत तिवारी, फूलसिंग बघेल, खोगेश्वर तिवारी, मना प्रसाद तिवारी, बुलकु बघेल, तुलसीराम ठाकुर, लालूराम बघेल, गद्दाधर ठाकुर, बलिराम ठाकुर, लबोधर ठाकुर कुदालगाव से एवं आसपास के गांव के आये देवी देवताओं के पुजारी और भारी मात्रा ग्रामीण उपस्थित थे।

### नक्सल पीड़ित परिवारों को मिला पीएम आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र



**सुकमा।** सुशासन तिहार संवाद से समाधान तक के तहत शनिवार को ग्राम पंचायत छिंदगढ़ में आयोजित समाधान शिविर में कांजीपानी, बकुलाघाट, रोकेल, पतिनाईकरास, उरमापाल, केरातोंग पंचायत के ग्रामीण उपस्थित हुए। शिविर में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्या सुश्री दीपिका सोरी, जिला पंचायत सदस्य हुंगा राम मरकाम, जिला पंचायत सदस्य संजना नेगी एवं ग्राम पंचायत छिंदगढ़ सरपंच सुखमती पुजारी के माध्यम से नक्सल पीड़ित परिवारों को प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरण कर प्रोत्साहित किया गया। इसके साथ ही पंचायत विभाग के द्वारा सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों के निराकरण के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। शिविर स्थल में अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार के अंतर्गत सुकमा जिले में कुल 50,723 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनमें से 34,341 आवेदन पत्रों का निराकरण किया जा चुका है। शेष आवेदन पत्रों का निराकरण तेजी से किया जा रहा है।

# एनएमडीसी बचेली में भू वैज्ञानिक पीएन बोस को किया गया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बचेली



एनएमडीसी बचेली कॉम्पलेक्स के निक्षेप क्र. 5 में दोपहर 12.15 बजे पीएन बोस भूवैज्ञानिक का जन्मदिवस एवं माल्यार्पण समारोह बचेली परियोजना प्रमुख बी वेंकटेश्वरलु, अधिशासी निदेशक की गरिमामयी उपस्थिति में सोमवार को संपन्न हुआ।

इस अवसर पर जी घोरई, महाप्रबंधक यांत्रिकी, टी शिवा कुमार महाप्रबंधक खनन, खान प्रबंधक, श्रीधर कोडाली, महाप्रबंधक खनन, जेसी दास, महाप्रबंधक यांत्रिकी, धरमराज, विभागाध्यक्ष, निक्षेप क्र. 5, जनार्दन वर्मा, विभागाध्यक्ष, भूविज्ञान विभाग, एनएमडीसी बचेली के विभिन्न विभागाध्यक्षगण, श्रमिक संघों के पदाधिकारीगण, विभिन्न विभागों अधिकारी एवं कर्मचारी, ठेका श्रमिकों इत्यादि की उपस्थिति रही।

■ पीएन बोस ने भारत की औद्योगिक यात्रा को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई

इस वर्ष एनएमडीसी बचेली में पीएन बोस का 170वां जन्मदिवस मनाया गया। ज्ञातव्य है कि प्रसिद्ध भूवैज्ञानिक पीएन बोस (प्रमथ नाथ बोस) की प्रतिमा का अनावरण एनएमडीसी बचेली के निक्षेप क्रमांक 5 में अधिशासी निदेशक बी. वेंकटेश्वरलु के करकमलों से विगत वर्ष संपन्न हुआ था। पीएन बोस ने सन 1899 से 1903 तक बैलाडीला क्षेत्र में कार्य किया एवं बैलाडीला आयरन ओर निक्षेपों की खोज की।

बोस के इस अन्वेषण से ही बैलाडीला क्षेत्र में लगभग 14 लौह अयस्क निक्षेपों का पता चला। इसी के फलस्वरुप एनएमडीसी ने यहां उत्खनन का कार्य आरंभ किया एवं पिछले लगभग 60 वर्षों से निरंतर लौह अयस्क का उत्खनन एनएमडीसी द्वारा किया जा रहा है। प्रमथ नाथ बोस के जन्म दिवस समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि बी वेंकटेश्वरलु ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पीएन बोस के काम ने भारत की औद्योगिक यात्रा को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, खासकर स्टील उद्योग में।

टाटा स्टील ने जमशेदपुर में पीएन बोस जियोलॉजिकल सेंटर की स्थापना करके उनके योगदान को मान्यता दी है, जो भूवैज्ञानिक प्रक्रियाओं को समझने और खनन इतिहास का दस्तावेजीकरण करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। 1899 से 1903 तक बैलाडीला बस्तर क्षेत्र में बैलाडीला आयरन ओर निक्षेपों की खोज कर उन्होंने इस क्षेत्र के औद्योगिक स्वरूप की नींव को गढ़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने शबोस के महत्वपूर्ण योगदानों के प्रति कृतज्ञता का भाव प्रकट किया।

# डॉक्टर और मरीजों के बीच की मजबूत कड़ी है नर्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गीदम में सोमवार को इंटरनेशनल नर्स डे मनाया गया। इस दौरान नर्सेज को सम्मानित कर इलाज में उनके अतुलनीय योगदान को सराहा गया। गौरतलब है कि हमारी सेहत को सुनिश्चित करने में जितना योगदान डॉक्टर का होता है उतना ही नर्सेस का भी है।

नर्सिंग प्रोफेशन को सम्मान देने के लिए और नर्सेस के काम की सराहना करते हुए हर साल 12 मई के दिन दुनियाभर में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया जाता है। नर्स मरीजों की देखरेख ही नहीं करतीं बल्कि डॉक्टर और मरीजों के बीच की एक मजबूत कड़ी का भी काम करती हैं। अस्पतालों में डॉक्टर मरीजों की दवाइयों और खानपान का ध्यान रखने के लिए नर्सेस को कहते हैं और वे इस काम को पूरे प्रोफेशनलिस्म के साथ करती हैं, साथ ही मरीजों की भावनाओं का भी ध्यान रखती हैं। नर्सों के इसी योगदान की सराहना करना इस दिन का मकसद है। यह भी कोशिश की जाती है कि नई पीढ़ी को भी इस प्रोफेशन के बारे में बताया जा सके और जागरूक किया जा सके। इस दौरान फ्लोरेंस नाइटिंगेल के चित्र पर पुष्प भी अर्पित किए गए। इस वर्ष की थीम है हमारी नर्सेस हमारा भविष्य। कार्यक्रम में खंड चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी गीदम डॉ गौतम कुमार ने कहा कि बिना नर्स के मरीजों का इलाज मुमकिन नहीं हैं। मेडिकल केयर के लिए नर्सिंग का रोल बेहद अहम हैं। आज भी देश दुनिया में एक्सपर्ट मेडिकल नर्सिंग स्टॉफ की भारी कमी हैं। ऐसे में इस क्षेत्र में कैरियर के लिहाज से भी कई मौके है लेकिन मन में सेवा भावना का होना जरूरी हैं।

उन्होंने कहा कि हर साल 12 मई को ये दिन अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन नर्सेस के सम्मान और नर्सिंग प्रोफेशन को बढ़ावा देने के लिहाज से बेहद खास है। यह दिन मॉडर्न नर्सिंग की जन्मदाता फ्लोरेंस नाइटिंगेल के सम्मान में उनकी जयंती पर सेलिब्रेट किया जाता है। इस दौरान खंड चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी गीदम डॉ गौतम कुमार, स्टाफ नर्स कौशल्या, खुशबू नाग व अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

HEALTH TOWN

"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपत्तियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001, मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

